देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 24.4.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी जल समझौता रद्द किया।
- प्रदेश सरकार ने कहा– चारों धामों में नेटवर्क सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य में जलस्रोत और नदियों के संवर्द्धन के लिए बड़ी योजनाएं शुरू करने के निर्देश दिए।
- नैनीताल जिले के हल्द्वानी व रामनगर स्थित न्यायालयों में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कई बड़े और सख्त फैसले लिए गए हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, भारत सरकार ने सार्क के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को दी गई सभी वीजा छूट को भी रद्द कर दिया है। साथ ही भारत ने सार्क वीजा योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं तथा इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 कर दी है।

ये फैसले भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता के मद्देनजर लिया गया है। हाल ही में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह प्रतिक्रिया सामने आई है।

यह हमला मंगलवार को हुआ, जब आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाकर उनपर गोलियां बरसाई। इस हमले में 26 लोगों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। हमले का स्थान श्रीनगर से लगभग 85 किलोमीटर दूर स्थित पहलगाम इलाके में था, जो कि अपने पर्यटन स्थल के लिए प्रसिद्ध है।

नेटवर्क सुविधा

प्रदेश के चारों धामों में नेटवर्क सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने देहरादून में बीएसएनएल व निजी नेटवर्क कंपनियों के राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नेटवर्क गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। श्री बर्द्धन ने प्रदेश में 4जी व 5जी नेटवर्क की उपलब्धता के लिए सेवा प्रदाताओं के समक्ष आ रही समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। मुख्य सचिव ने सेवा प्रदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए निदेशक आईटीडीए को नोडल अधिकारी बनाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने नोडल अधिकारी स्तर पर महीने में दो बार और सचिव आईटी स्तर पर माह में एक बार समीक्षा करने को कहा ताकि 100 प्रतिशत 4जी सैचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से शुरू होगी। यह यात्रा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से शुरू होती है। इसी सप्ताह विदेश मंत्रालय ने इस यात्रा को संचालित करने के लिए हरी झंडी दे दी है। यह जानकारी देते हुए पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि 30 जून से शुरू होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा का संचालन कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा किया जाएगा। इस साल की यात्रा में कुल 250 तीर्थयात्री पांच समूहों में भाग लेंगे, जिनमें प्रत्येक समूह में 50–50 तीर्थयात्री होंगे।

सोमेश्वर विधानसभा

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 15 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि देने की घोषणा की है। श्रीमती आर्य ने ग्राम सभा भिडारकोट में जनसभा के दौरान आम लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक निधि से धनराशि देने की घोषणा की। इस दौरान लोगों ने सड़कों में डामरीकरण और बिजली की लाइनें शुरू करने जैसी मांगें उठाईं। उन्होंने अधिकारियों को इन मांगों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

शासनादेश जारी

सरकार ने उधमसिंह नगर जिले में स्थित जैतपुर–धनौरी मार्ग के सुधारीकरण के लिए 10 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृति की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उधमसिंह नगर में एक कार्यक्रम के दौरान

इस महत्वपूर्ण मार्ग के सुदृढीकरण की घोषणा करते हुए अधिकारियों को दो घंटे के भीतर शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए।

जलस्रोत

सरकार ने राज्य में जलस्रोत और नदियों के संवर्द्धन के लिए बड़ी योजनाएं शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने देहरादून में आयोजित बैठक में सभी संबंधित विभागों को जलस्रोतों और नदियों के पुनरोद्धार की दिशा में गंभीरता से काम करने पर जोर दिया। उन्होंने इस बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सभी जिलों में विकास खंड स्तर पर 2 से 3 गांवों के जनप्रतिनिधियों के लिए मानसून से पहले कार्यशाला आयोजित करने को कहा। पहले चरण में कार्यशाला में 200 ग्राम पंचायतों को शामिल करने का लक्ष्य रखने को कहा। मुख्य सचिव ने सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग को चेकडैम आदि के निर्माण की दिशा में तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत

नैनीताल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला न्यायालय सहित हल्द्वानी और रामनगर स्थित न्यायालयों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव न्यायाधीश बीनू गुल्यानी ने आकाशवाणी को यह जानकारी दी।

विश्व पुस्तक दिवस

विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में शैक्षिक जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना ने कहा कि पुस्तकें मानव जीवन को प्रेरणा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। खंड शिक्षा अधिकारी हरीश रौतेला ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को जागरूक करने का एक माध्यम है, इससे भविष्य में छात्रों को लाभ मिलेगा।

प्रतिभागी छात्रा गीतांजलि आर्य ने कहा कि पुस्तकें ज्ञानवर्धक होती हैं।

जम्मू करश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले से संबंधित खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता के साथ सुर्खी बनाया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद फूटा भारत का गुस्सा, सिंधु संधि स्थगित, पाकिस्तानियों के वीजा रद्द, 48 घंटे में छोड़े देश– अमर उजाला की सुर्खी है। इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– पाकिस्तान पर 'डिप्लोमेटिक स्ट्राइक'।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से दैनिक जागरण ने लिखा– पहलगाम के नृशंस कृत्य का बदला अवश्य लेगी मोदी सरकार।

आतंकी हमले के विरोध में उत्तराखंड में भी गम और गुस्सा– दैनिक जागरण की सुर्खी, रक्षा विशेषज्ञों के हवाले से लिखा– पाक अधिकृत कश्मीर पर कार्रवाई का यही समय। हिन्दुस्तान समाचार का शीर्षक है– नेपाल सीमा पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के हवाले से लिखा है– जलस्रोतों के पुनरूद्धार पर हो काम।

राज्य में हेल्थ कार्ड पर अमर उजाला ने शीर्षक है– आभार आईडी से स्वास्थ्य रिकॉर्ड जोडने में उत्तराखंड द्वितीय।